मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-189
10/04/2021

# मुख्यमंत्री के समक्ष दी गई दरभंगा एयरपोर्ट के विकास से संबंधित प्रस्तुतीकरण

पटना, 10 अप्रैल 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के समक्ष आज 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में दरभंगा एयरपोर्ट के विकास से संबंधित प्रस्तुतीकरण दिया गया। अपर मुख्य सचिव मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग श्री संजय कुमार ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से दरभंगा एयरपोर्ट को विकसित करने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि दरभंगा एयरपोर्ट को विकसित करने के संबंध में जो भी जानकारी दी गयी है उसे लेकर एयरपोर्ट अथॉरिटी, इंडियन एयरफोर्स से बात कर सहमति बना लें। दरभंगा एयरपोर्ट उत्तर बिहार सहित उस पूरे क्षेत्र के लिये बेहद महत्वपूर्ण है। हमने एयरपोर्ट को कई बार देखा है। दरभंगा एयरपोर्ट का शिलान्यास वर्ष 2018 में हुआ था। इस हवाई अड्डे का नामकरण महाकवि मैथिल कोकिल विद्यापति जी के नाम पर होगा जिसे विधानसभा से भी पारित किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से एयरपोर्ट की चहारदीवारी को भी ऊँचा करने की बात हमने कही है। विमानों की संख्या भी और बढ़ायी जाए, साथ ही एयरपोर्ट पर यात्री सुविधाओं में भी बढ़ोतरी हो। इससे अधिक से अधिक यात्री सुगमता से आवागमन कर सकेंगे।

बैठक में जल संसाधन मंत्री श्री संजय झा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, अपर मुख्य सचिव मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग श्री संजय कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार एवं अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे, जबकि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पटना एयरपोर्ट के डायरेक्टर श्री बी0सी0एच0 नेगी एवं दरभंगा के जिलाधिकारी श्री एस0एम0 त्याग राजन जुड़े हुए थे।

******